प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.07.2026 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा सुधारों के लिए उच्चस्तरीय कार्य बल के गठन का किया ऐलान, नंदन नीलेकानी करेंगे नेतृत्व, संसद में आज आएगा कानून।
2. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने की विधानसभा सत्र से पहले विपक्ष से सकारात्मक सहयोग की अपील, कहा– किसानों के मुद्दे पर सदन में सार्थक चर्चा हो।
3. जेएसएससी ने परीक्षाओं पर स्थिति की स्पष्ट, कहा– टीडीपीएल एजेंसी का किसी भी परीक्षा से कोई संबंध नहीं।
4. मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे भारी बारिश का अलर्ट किया जारी, बंगाल की खाड़ी का सिस्टम सक्रिय, झारखंड में मानसून होगा मजबूत।
5. रांची में डूरंड कप 2026 का भव्य आगाज़, उद्घाटन मैच में जमशेदपुर एफसी ने डिफेंडर्स एफसी को 5–0 से हराया।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा सुधारों पर एक उच्चस्तरीय कार्य बल के गठन की घोषणा की है, जिसका नेतृत्व प्रख्यात प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ नंदन नीलेकानी करेंगे। एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि कार्य बल परीक्षा सुधारों पर ध्यान केंद्रित करेगा और इसकी रिपोर्ट के आधार पर आगामी परीक्षाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश की परीक्षा प्रणाली विश्वसनीय, पारदर्शी होनी चाहिए और प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग करना चाहिए।

***************

केंद्र सरकार आज लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पेश करेगी। यह विधेयक लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 में संशोधन के लिए लाया जा रहा है। इसे केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह पेश करेंगे।

शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने त्वरित न्यायालयों की स्थापना और पेपर लीक तथा परीक्षा में अनुचित साधनों के प्रयोग के मामलों में कड़ी सजा सुनिश्चित करने वाले विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी थी।

***************

झारखंड के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि हेमंत सोरेन सरकार आम आदमी को समर्पित है। गिरिडीह में वाणिज्य कर विभाग की समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने छह अगस्त से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में विपक्ष से सकारात्मक सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि जेपीएससी परीक्षा में अनियमितताओं की जानकारी मिलते ही सीआईडी ने कार्रवाई शुरू कर दी थी।

***************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने अपनी प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर स्पष्ट किया है कि टीडीपीएल एजेंसी का उसकी किसी भी पूर्व, वर्तमान या आगामी परीक्षा के आयोजन अथवा परीक्षा प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है। आयोग ने बताया कि मई 2025 में ही टीडीपीएल एजेंसी को डी–एम्पैनल कर दिया गया था। आयोग ने भ्रामक और तथ्यहीन खबरें प्रकाशित या प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

***************

पश्चिमी सिंहभूम में विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत आयोजित युवा संवाद में जिले के 20 माय भारत युवा स्वयंसेवकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने युवाओं से सीमांत क्षेत्रों के विकास, सामाजिक सहभागिता और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

***************

आकाशवाणी रांची अपना 69वाँ स्थापना दिवस मना रहा है, जिसकी शुरुआत 27 जुलाई 1957 को हुई थी। यह केंद्र हिंदी के अलावा नागपुरी सहित झारखंड की कई स्थानीय और जनजातीय भाषाओं में कार्यक्रमों का प्रसारण करता है।

**************

झारखंड में कुल 60 लाख रुपये के इनामी 16 कुख्यात माओवादी कल आत्मसमर्पण करेंगे। इनमें 15 लाख रुपये का इनामी रीजनल कमांडर संतोष उर्फ गांधी और 10–10 लाख रुपये के इनामी तीन जोनल कमांडर भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, लगातार चल रहे माओवादी विरोधी अभियान और राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के कारण बड़ी संख्या में उग्रवादी मुख्यधारा में लौट रहे हैं।

**************

सरायकेला–खरसावां के राजनगर में झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला कार्य समिति की बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। भू–राजस्व मंत्री दीपक बिरवा ने संगठन को और सशक्त बनाने पर जोर दिया।

**************

सिमडेगा पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय चोर गिरोह के दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बैंक खाते में जमा तीन लाख रुपये भी फ्रीज कराए हैं। दोनों आरोपियों के विरुद्ध झारखंड और छत्तीसगढ़ में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**************

झारखंड में अगले 48 घंटे में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बंगाल की खाड़ी में बन रहा निम्न दबाव का क्षेत्र मजबूत होकर अति गहरे निम्न दबाव में बदल सकता है। इसके प्रभाव से झारखंड के दक्षिणी हिस्सों, विशेषकर कोल्हान, रांची, खूंटी, गुमला और सिमडेगा में अगले 48 घंटे के दौरान घने बादल छाने और भारी बारिश की संभावना है।

**************

एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के 135वें संस्करण का शुभारंभ कल रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में हुआ। उद्घाटन मुकाबले में जमशेदपुर एफसी ने श्रीलंका की डिफेंडर्स एफसी को 5–0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। उद्घाटन समारोह में भारतीय सेना के हेलीकॉप्टर फ्लाईपास्ट, पैरामोटर प्रदर्शन और सैन्य बैंड की प्रस्तुति ने दर्शकों को रोमांचित किया।

**************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

राज्य के लगभग सभी अखबारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा टास्क फोर्स गठन की घोषणा वाली खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है – पेपर लीक रोकेगी हाइपावर टास्क फोर्स, नीलेकणि होंगे अध्यक्ष।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – 16 इनामी नक्सली कल करेंगे सरेंडर।

दैनिक हिंदुस्तान की लीड है– डूरंड कप का आगाज, खेल के साथ दिखे देशभक्ति के रंग।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– ऋषिकांत को रजत, मीराबाई चानू की गोल्डन हैट्रिक।

*******************